# छह माह पुराने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हत्याकांड का खुलासा

▶ **मास्टरमाइंड पिता सहित पाँच आरोपी गिरफ्तार, पुलिस रिमांड पर भेजे**



**पिपलियामण्डी/मंदसौर।** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने छह माह पुराने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्यामलाल धाकड़ हत्याकांड का शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में गठित टीम ने मामले में मृतक के पिता सहित पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि बदनामी और संपत्ति खोने के डर से पिता दौलतराम ने ही बेटे की हत्या की साजिश रची थी। सुपारी देने में उसका साथी गोपाल भी शामिल था।

**ऐसे हुई हत्या**–17 जुलाई की रात दौलतराम ने रातीतलाई के रंगलाल, सुमित और अटलु बाछड़ा को पाँच लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी। तीनों आरोपी सीढ़ियों से कमरे में पहुंचे और सो रहे श्यामलाल की कुल्हाड़ी व चाकू से हत्या कर फरार हो गए। 18 जुलाई को उनका रक्तरंजित शव घर की ऊपरी मंजिल पर मिला था।

**गिरफ्तारी और रिमांड**–पुलिस ने पिता दौलतराम, गोपाल धाकड़ सहित तीनों हत्यारों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहाँ से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान हत्याकांड में शामिल अन्य लोगों की भूमिका, हथियारों की बरामदगी तथा सुपारी लेन-देन की जानकारी जुटाई जाएगी। आरोपी संख्या बढ़ने की भी संभावना है।

**तकनीकी साक्ष्यों से खुलासा**–मोबाइल कॉल डिटेल, सोशल मीडिया चैट, वायरल वीडियो और साइबर सेल की जांच ने पुलिस को हत्यारों तक पहुँचाया। शुरुआती दिनों में पिता ने मामले को भटकाने के लिए एक महिला पर आरोप लगाए थे, परंतु पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर सच्चाई उजागर की।

> **कई महीनों से चर्चा में था मामला**
>
> श्यामलाल सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय थे, जिसके कारण यह हत्या क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बनी रही। पुलिस की सात टीमों ने लगातार काम करते हुए जटिल हत्याकांड की गुत्थी सुलझाई।

# कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा हेतु नवोदय विद्यालय समिति ने जारी किए प्रवेश पत्र

▶ **प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को मंदसौर जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर होगी आयोजित**

**मंदसौर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लदुना, जिला मंदसौर के प्राचार्य हरि शंकर रेगर ने बताया कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं के लिए उपलब्ध 80 सीटों पर प्रवेश हेतु पंजीकृत 3454 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

किसी भी आवेदक को प्रवेश पत्र प्राप्त करने में समस्या होने पर वह कार्यालय समय में प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय लदुना, जिला मंदसौर से संपर्क कर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है।

प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर 25 को मंदसौर जिले के विभिन्न 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित है।

**परीक्षा केन्द्र**–मॉडल उ. मा. वि. भानपुरा, मॉडल उ. मा. वि. गरोठ, शासकीय कन्या उ. मा. वि. गरोठ, शासकीय कन्या उ. मा. वि. मल्हारगढ़, शासकीय बालक उ. मा. वि. पिपल्या स्टेशन, लाल बहादूर शास्त्री उत्कृष्ट उ. मा. वि. मंदसौर, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उ. मा. वि. मंदसौर, सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय उ. मा. वि. क्र. – 2 मंदसौर, संदीपनी विद्यालय शा. उ. मा. विद्यालय लदूना, श्रीराम उत्कृष्ट उ. मा. वि. सीतामऊ, शासकीय कन्या सरस कुंवर उ. मा. वि. सीतामऊ पर आयोजित होगी।

## एक नजर में

### लायंस क्लब ने बालागंज विद्यालय में बच्चों को स्वेटर वितरित किए



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर द्वारा स्व. श्रीमती उर्मिला देवी मंडवारिया की स्मृति में लायन राजेश मंडवारिया परिवार के सहयोग से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालागंज. मंदसौर में 30 स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने कहा कि सेवा के प्रकल्प को लेकर हम शासकीय विद्यालयों के बच्चों की जरूरतों को पूरा करना चाहते है, उसी कड़ी में लायन राजेश मण्डवारिया के सौजन्य से उनकी मातुश्री की स्मृति में छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित कर रहे है। आगे भी जो आवश्यकता होगी उसकी भी पूर्ति हम करेंगे। क्लब के पूर्व अध्यक्ष सीए राजेश मण्डवारिया ने कहा कि बच्चे भगवान का रूप है। इनकी देखभाल करना समाज का दायित्व है। विद्यालय प्राचार्य सुदीप दास ने कहा कि मानव सेवा के कई कार्यों में से एक इन जरूरतमंद नौनिहालों को इस सर्दी के मौसम में ऊनी वस्त्र वितरित करना सबसे श्रेष्ठ है। लायन्स क्लब का यह कार्य अनुकरणीय है। इस अवसर पर क्लब सदस्य सुभाष बग्गा, के.सी. श्रीमाल, जितेंद्र पोरवाल, गौरव रत्नावत, सीए मयंक जैन, विजय चौधरी, शिक्षक शैलेन्द्र मिण्डा आदि उपस्थित रहे। संचालन आशीषसिंह मंडलोई विद्यालय ने किया व आभार क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने माना।

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आज होगी जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री एवं जिला विकास सलाहकार समिति, मन्दसौर की उपाध्यक्ष सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 13 दिसम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे कलेक्टर कार्यालय स्थित सभागृह, मंदसौर में आयोजित की गई है। बैठक उपरांत प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में दोपहर 12:00 बजे प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर अब तक किए गए कार्यों, उपलब्धियों तथा मंदसौर जिले के विकास हेतु किए गए प्रयासों एवं उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को प्रदान की जाएगी।

### स्लेट पेंसिल श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष सिलिकोसिस जांच शिविर 16 को

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिले के स्लेट पेंसिल उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष सिलिकोसिस जांच शिविर का आयोजन 16 दिसंबर 2025 को प्रात: 8 बजे से दोपहर 1 तक कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय चौधरी कॉलोनी मंदसौर में आयोजित किया जाएगा। जिले के स्लेट पेंसिल उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष सिलिकोसिस जांच शिविर में चिकित्सकों द्वारा श्रमिकों की सिलिकोसिस से संबंधित जांच की जाएगी एवं आवश?यक दवाईयां नि:शुल?क वितरित की जाएगी। एक्स-रे भी किये जाएगें। समस्त कार्यरत स?टेल पेंसिल श्रमिकगण अपनी पीली डायरी, चल रहे इलाज की पर्चियां, एक्स-रे एवं बीमा कार्ड साथ में लेकर आए।

### उज्जवला योजना की समीक्षा सभी पात्र परिवारों को लाभांवित करने के निर्देश

**नीमच।** अपर कलेक्टर बी.एस.कलेश की अध्यक्षता में गुरूवार को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 के संबंध में प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की गई हैं, बैठक आपूर्ति अधिकारी, जिला उज्जवला नोडल अधिकारी, समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं जिले के एजेंसी संचालक उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री कलेश ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया, कि वे पूर्व से प्राप्त आवेदकों से संपर्क कर उनकी ईकेवायसी कार्य पूर्ण करें तथा ऐसे क्षेत्र जहां वर्तमान में गैस कनेक्शन की संख्या कम हैं, वहां नियमित शिविर आयोजित कर प्रचार-प्रसार करे और उक्त योजना के फॉर्म भरकर कनेक्शन जारी करें। जिले में समस्त गैस एजेंसी संचालकों द्वारा अपने-अपने वाहनों में योजना के प्रचार-प्रसार के बैनर लगाए। कनेक्शन वितरण की समस्त प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी रखे तथा लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हों, इसका विशेष ध?यान रखे। जिले के सभी ऐसे पात्र परिवार जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं हैं, तथा उज?जवला योजना के मापदंडों को पूरा करते हैं, वे उक्त योजना का लाभ लेने अपने साथ पहचान का प्रमाण, पते का प्रमाण, परिवार समग्र आईडी, आवेदक और परिवार के समस्त वयस्क सदस्यों को आधार कार्ड, बैंक खाते की प्रतिलिपि एवं अभाव घोषणा पत्र के साथ नजदीकी गैस एजेंसी से संपर्क कर, अपना आवेदन जमा करा सकते हैं।

### ठेकेदार की लापरवाही उजागर ,नागरिक वायु प्रदूषण से परेशान

**नीमच।** शहर के मध्य से होकर गुजर रहे महू- नसीराबाद हाईवे रोड पर भाटखेड़ा से लेकर डुंगलावदा तक फोर लाइन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस सड़क का निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा कई आधुनिक मशीनों से यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। शहर में अच्छा विकास कार्य हो रहा है, लेकिन इस निर्माण कार्य में संबंधित कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कई जगह लापरवाही भी की जा रही है, जिससे शहरवासी प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं। इस निर्माणाधीन सिटी फोर लाइन मार्ग पर कलेक्टर ऑफिस के सामने निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी-बड़ी मशीन चल रही है। जिससे प्रात: से लेकर देर शाम तक मिट्टी के भारी गुब्बार उड़ रहे हैं, जो यहां से निकलने वाले राहगीरों के साथ यहां समीप स्थित स्कीम नंबर 36 सीतामरा जाजू नगर क्षेत्र के दुकानदारों एवं रहवासियों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं।

# एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ के विद्यार्थियों का ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**फतेहगढ़। एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ के छात्र-छात्राओं ने जन शिक्षा केंद्र स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।**



चयनित विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ, बालकृष्ण देवीलाल (कक्षा 6) – गणित में सेकंड ग्रेड, चंचल मुकेश खारोल (कक्षा 7) – संस्कृत में फर्स्ट ग्रेड, खुशी मोतीलाल (कक्षा 7) – संस्कृत एवं विज्ञान में सेकंड ग्रेड, गिरजा गणपत (कक्षा 8) – गणित में सेकंड ग्रेड, अर्पिता बलवंत – विज्ञान में सेकंड ग्रेड।

सम्मान समारोह में प्रधानाध्यापिका श्रीमती माधुरी जोशी सहित शिक्षकगण देवीलाल सुनार्थी, शैलेंद्र आचार्य, सुमित्रा नीमा, पूर्णिमा मूंदड़ा, स्वाति वर्मा, निशा सोनी एवं सोनू कुंवर ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर शुभकामनाएँ दीं। शिक्षकगणों ने कहा कि ओलंपियाड जैसी परीक्षाएँ विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



# बाल विवाह पर कार्यशाला

▶ **बाल विवाह मुक्त भारत बनाए जाने की शपथ दिलाई**

**मंदसौर।** महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी बी. एल. बिश्नोई द्वारा बताया गया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला संयुक्त संचालक उज्जैन राजेश मेहरा की अध?यक्षता में कलेक?टर सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी बीएल बिश्नोई, सहायक संचालक मनीष अटोडिया, समस्त परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक श्रीमती ममता खींची, केसरिया जिला परियोजना सहायक हरीश एवं समस्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

बी एल बिश्नोई ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवस पूर्ण होने पर 31 जनवरी 2026 तक विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाल विवाह को रोकने हेतु प्रयास किए जाएंगे ताकि बाल विवाह जैसे सामाजिक बुराई को समाज से खत्म किया जा सके। संयुक्त संचालक द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं एनआरसी में बच्चों को भर्ती किए जाने एवं आंगनबाड़ी केंद्र का नियमित संचालन किया जाने के विशेष निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह मुक्त भारत बनाए जाने की शपथ दिलाई गई।

# बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अपनी क्षमताओं का भी प्रमाण पत्र जरूरी : रूपनायण जोशी

▶ **पीस पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत**



**मन्दसौर। लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड एवं लायंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नगर पालिका सभागृह में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र आज सेंट कबीर स्कूल में विद्यार्थियों को वितरित किए गए।**

कर्यक्रम में पूर्व तहसीलदार रूपनारायण जोशी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में पारंगत होना भी अति आवश्यक है। इससे विद्यार्थी सोचने की शक्ति का विकास होता है। ऐसी गतिविधियों के प्राप्त प्रमाण पत्र भविष्य निर्माण में सहायक होते है।

इस अवसर पर मंदसौर गोल्ड के अध्यक्ष लायन संजय पारिख, सेंट कबीर स्कूल के प्रबंधक शेर मोहम्मद खान, युवा समाजसेवी अनिल संगवानी एवं दिनेश नागर आदि इसमें शामिल हुए।

स्कूल प्रबंधक शेर मोहम्मद खान ने लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के कार्यों एवं संयुक्त लायंस क्लब की पीस पोस्टर कॉर्डिनेटर श्रीमती चित्रा मंडलोई की प्रशंसा की एवं अंत में आभार व्यक्त किया।



# कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास गरोठ की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर किया गौरवान्वित

**गरोठ। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास गरोठ, जिला मंदसौर की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में छात्रावास की बालिका तुलसी पिता गोपाल विश्वकर्मा ने भोपाल राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 400 मीटर रिले दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।**

इसके साथ ही छात्रावास की दो अन्य बालिकाओं ने स्काउट-गाइड के क्षेत्र में उपलब्धि अर्जित की है। पायल पिता तेज सिंह तथा मंगला पिता पहलाद गुर्जर ने राष्ट्रीय जंबूरी, मेरठ में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। यह छात्रावास के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

छात्रावास की इन उपलब्धियों की जानकारी संस्था के खेल कोच दीपक साहू द्वारा दी गई। छात्राओं की इस सफलता पर प्राचार्य देवेंद्र सिंह सिसोदिया तथा छात्रावास अधीक्षक श्रीमती लक्ष्मी पंजाबी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।



# आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर

▶ **तीन माह कैंपेन में अब तक 1 करोड़ 91 लाख रू. की निष्क्रिय राशि ग्राहकों ने प्राप्त की**

**मन्दसौर।** वित्त मंत्रालय तथा भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा पूरे देश के प्रत्येक जिले में 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत 12 दिसंबर को आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर का आयोजन नगर पालिका सभागृह मंदसौर में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अनीता चकोटिया की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ऐसे जमाधारक जिनकी बैंकों में जमा पूंजी 10 वर्षों से अधिक तथा निष्क्रिय होकर भारतीय रिजर्व बैंक को राशि जमा हो चुकी है उन्हें ग्राहक को पुन: वापस दिलाने हेतु जिले की समस्त बैंकों के माध्यम से उक्त शिविर का आयोजन किया गया।

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजय कुमार मोदी द्वारा बताया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक के इस 3 महीने के कैंपेन में अब तक विभिन्न बैंकों के माध्यम से एक करोड़ 91 लाख रुपए की निष्क्रिय राशि संबंधित विभाग एवं ग्राहकों को पुन: प्राप्त हो चुकी है तथा आगे भी बैंकों द्वारा निष्क्रिय राशि लौटाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

**एक नजर** ▶ **नवलबाई शिक्षण समिति ने ग्राम ढिकनिया में 50 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर प्रदान किए**

# छात्र पढ़ लिखकर जीवन में कुछ करने का जज्बा रखें : अभय मेहता

**मन्दसौर। नवलबाई शिक्षण समिति मंदसौर द्वारा श्रीमती नवलबाई मेहता के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शासकिय माध्यमिक विद्यालय ग्राम ढिकनिया में ठंड से बचाव हेतु 50 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये।**



इस अवसर पर समिति के अभय मेहता ने बच्चों से कहा कि अच्छे पढ़ लिखकर जीवन में कुछ करने का जज्बा रखो। पढ़ाई करने में जो भी जरूरतें हो वो हम पूरी करने को तैयार हैं।

ललिता मेहता ने कहा स्टेशनरी वितरण स्वेटर वितरण के साथ हम बच्चों के लिये प्रतियोगिता भी आयोजित करते है। समिति समय-समय पर विद्यालयों में रंगोली, चित्रकला व गायन प्रतियोगिता आदि आयोजित करती है जिससे बच्चों का कौशल विकास होता है।

शाला प्रभारी दिनेश चौहान व शिक्षक सुखदेव वीरवार ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सतीश सोनी व आबिद शाह ने बच्चों से कहा दिल लगाकर पढ़ाई करें।

आबिद शाह वह सतीश सोनी ने राष्ट्रीय गीत "छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी" गाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कन्हैयालाल गोदावत, परसराम गायरी, प्रदीप जाटव, राजेन्द्र सेठिया का भी सक्रिय सहयोग रहा है।